CBSE Class 9 Sample Paper
Term 2
Hindi A

Section A

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए–** [2 × 4 = 8]

(क) गाँव की मिट्टी पर पड़ने वाली पानी की पहली बूँद का असर जानने वाले नेता कौन थे?

(ख) "साँवले सपनों की याद" पाठ में सालिम अली प्रकृति और पर्यावरण के प्रति चिंतित थे ? पर्यावरण को बचाने के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

(ग) प्रेमचंद जैसे साहित्यकार की फोटो में उनके फटे जूतों को देखकर परसाई जी की मनोदशा पर टिप्पणी कीजिए।

(घ) "सभी नदियाँ पहाड़ थोड़े ही फोड़ती हैं" पंक्ति में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

2. **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए–** [2 × 3 = 6]

(क) 'कैदी और कोकिला' कविता के अनुसार लिखिए कि तत्कालीन शासक स्वतन्त्रता सेनानियों के साथ कैसा व्यवहार करते थे?

(ख) 'कैदी और कोकिला' कविता में कवि ने शासन की करनी को काली क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है ?

(घ) बच्चे काम पर किस समय जाते हुए दिखाई देते हैं ? क्या कवि की पीड़ा यही है कि वे उस समय काम पर जा रहे हैं या कुछ और भी ? लिखिए।

3. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** [3 × 2 = 6]

(क) कहा जाता है कि महिलाएँ शक्तिशाली होंगी तो समाज भी शक्तिशाली बनेगा। समाज में महिलाओं की स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए अपनी ओर से सुझाव दीजिए।

(ख) अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे हैं, वह उचित क्यों नहीं है?

(ग) 'टिहरी बाँध पुनर्वास के साहब और माटी वाली वृद्ध महिला के मध्य हुई बातचीत इस प्रकार की बाँध योजनाओं पर कैसे प्रश्न चिह्न लगाती है? समझाइए।

Section B

रचनात्मक लेखन–

4. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** [5]

(क) **परोपकार**

संकेत-बिन्दु–(i) परोपकार का अर्थ, (ii) परोपकार से लाभ, (iii) परोपकारी व्यक्तियों के उदाहरण।

(ख) **दूरदर्शन**

संकेत-बिन्दु–(i) दूरदर्शन की भूमिका, (ii) शैक्षणिक लाभ, (iii) विकास में योगदान।

(ग) **आतंकवाद के दुष्परिणाम**

संकेत-बिन्दु–(i) आतंकवाद के प्रसार के कारण, (ii) भारत और विश्व में आतंकवाद, (iii) निदान के उपाय।

5. आपको छात्रावास में रहकर पढ़ते हुए कुछ परेशानी हो रही है अत: आप अलग रहकर पढ़ाई करना चाहते हैं। इस तथ्य से अपने भाई साहब को अवगत कराते हुए उनसे निवेदन कीजिए कि वे आपके लिए विद्यालय के आसपास ही एक कमरे की व्यवस्था करने का कष्ट करें। [5]

अथवा

आपके क्षेत्र में अनाधिकृत मकान बनाए जा रहे हैं। इसकी रोकथाम के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए।

6. (क) सचिन के रिटायरमेन्ट को लेकर आपके और आपके दोस्त के मध्य हुए संवाद को लिखिए। [2½ × 2 = 5]

अथवा

'शिक्षक दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम को देखकर विद्यार्थी प्रसन्न होते हैं। ऐसे ही किन्हीं दो विद्यार्थियों के मध्य हुए वार्तालाप को संवाद शैली में लिखिए।

(ख) बिजली की बार-बार कटौती से उत्पन्न स्थिति से परेशान महिलाओं की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए।

अथवा

नए विद्यालय में अपने पुत्र का दाखिला दिलाने गए अभिभावक और प्रधानाचार्य के मध्य हुए वार्तालाप का संवाद लेखन कीजिए।

7. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में लघु कथा लिखिए–** [2½ × 2 = 5]

(क) तीर्थयात्रा

(ख) एकता में बल